समाहरणालय, कोडरमा
जिला साक्षरता समिति, कोडरमा

एतद् द्वारा सूचित करना है कि जिला साक्षरता समिति, कोडरमा के अंतर्गत सभी 109 पंचायतों में गठित लोक शिक्षा केन्द्रों में दो प्रेरक (एक महिला, एक पुरूष) का चयन किया जाना है। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन की माँग की गई है, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31.05.2014 है एवं प्रत्येक पंचायत में चयन हेतु ग्राम सभा की तिथि 11.06.2014 निर्धारित है। जिसका पूर्ण विवरण **www.koderma.nic.in** पर देखा जा सकता है। साथ ही पूर्ण विवरण प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, कार्यालय/प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–सचिव,
जिला साक्षरता समिति, कोडरमा।

ह0/–
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
जिला साक्षरता समिति, कोडरमा।

जिला साक्षरता समिति, कोडरमा

कार्यालय, जिला साक्षरता समिति, कोडरमा

सरकार के प्रधान सचिव, राज्य सारक्षरता मिशन प्राधिकरण के ज्ञापांक रा0सा0मि01/14/10–13, दिनांक–12.05.2010 के आदेशानुसार कोडरमा जिले मे 109 पंचायत अन्तर्गत में लोक शिक्षा केन्द्रों में संचालित करने हेतु दो प्रेरकों का चयन अनुबंध के आधार पर मुखिया की अध्यक्षता में ग्राम सभा के माध्यम से नियुक्ति का प्रस्तावः–

क्र0सं0	पद का नाम	मासिक परिलब्धि (रू0 में)	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	अभ्युक्ति
1.	प्रेरक	2000/–	मैट्रिक	

प्राथमिकताः–

1. प्रौढ़ शिक्षा, साक्षरता कार्यक्रम, सामुदायिक विकास एवं सामाजिक कार्य में अनुभव तथा Vocational Skill का ज्ञान रखनेवाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. ऐसे व्यक्ति जो समाज के अभिवंचित वर्ग के है एवं जिनको कम्प्यूटर संचालन तथा वाहन चालन/साईकिल चालन की जानकारी हो को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।
3. दो प्रेरकों में से एक प्रेरक आवश्यक रूप से महिला होनी चाहिए।
4. जहाँ लोक शिक्षा केन्द्र संचालित होगा, उसी ग्राम का निवासी होना चाहिए।

आवश्यक शर्तेः–

1. उपरोक्त सभी पदों पर नियुक्ति लधुकालीन संविदा पर की जानी है एवं इसके लिये किसी स्तर पर स्थायी नियुक्ति का दावा मान्य नहीं होगा।
2. आवेदक का न्यूनतम उम्र दिनांक–1/1/2014 को 18 वर्ष होगा।
3. योग्य आवेदक अपने शैक्षणिक/तकनिकी, जाति, आवासीय एवं कार्यानुभव संबंधी प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ दिनांक–31/5/2014 तक अपना आवेदन निबंधित डाक के माध्यम से संबंधित पंचायत के प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के पते पर भेज सकते है।
4. आवेदन निबंधित डाक/स्पीड डाक के माध्यम से देना होगा। लिफाफा के उपर संबंधित पंचायत का नाम (जिस पंचायत के लिए आवेदन किया है) अंकित करना अनिवार्य है।
5. चयन प्रक्रिया ग्राम सभा के माध्यम से किया जाएगा। ग्राम सभा का स्थान संबंधित पंचायत के लोक शिक्षा केन्द्र में होगी। ग्राम सभा का संचालन संबंधित पंचायत के मुखिया की अध्यक्षता में संपन्न की जाएगी।
6. सभी पंचायतों में दिनांक–11/6/14 को ग्राम सभा का आयोजन किया जायगा, ग्राम सभा की कार्यवाही का Mobile/camera में Recording करना आवश्यक होगा। ग्राम सभा के दिन सभी अभ्यर्थी ग्राम सभा में आवश्यक रूप से उपस्थित रहेंगे।
7. अपरिहार्य कारणों से नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला साक्षरता समिति, कोडरमा का होगा।

17/5/14
जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–सचिव,
जिला साक्षरता समिति, कोडरमा।

17/5/14
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
जिला साक्षरता समिति, कोडरमा।

जिला साक्षरता समिति, कोडरमा

आवेदन–पत्र का प्रारूप

पद का नामः– प्रेरक　　　　　　　　पंचायत का नामः–...................

स्व अभि.
अद्यतन
फोटो

1. आवेदक/आवेदिका का नाम (हिन्दी के साफ अक्षरों में):– ....
2. आवेदक/आवेदिका का नाम (अग्रेंजी के बड़े अक्षरों में):– ....
3. विवाहित/अविवाहितः–
4. आवेदक/आवेदिका का पिता/पति का नामः– ....
5. लिंगः– ....
6. जन्म तिथिः–...................................
7. आवेदक का स्थायी पता– टोला..................ग्राम–...................पंचायत.................प्रखण्ड.........जिला.......
8. संपर्क नं0–...
9. कोटिः– ....
10. शैक्षणिक योग्यता (प्रमाण पत्रों की स्व अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें)

क्र.सं.	परीक्षा का नाम	संकाय	बोर्ड/विश्वविद्यालय	श्रेणी	पूर्णांक	प्राप्तांक
1	मैट्रिक या समकक्ष					
2	इंटरमीडिएट या समकक्ष					
3	स्नातक या समकक्ष					
4	तकनीकि योग्यता					
5	अन्य					

11. प्रमाण पत्र (यदि अनुभव प्रमाण पत्र हो तो संलग्न करें)–
(क) पूर्व के साक्षरता कार्यक्रम में किये गये कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र।
(ख) प्रौढ़ शिक्षा/सामुदायिक कार्य/सामाजिक कार्य/दक्षता विकास आदि में प्राप्त प्रशिक्षण का अनुभव।
(ग) कम्प्यूटर चलाने का ज्ञान (हाँ/नहीं)।
(घ) साईकिल/वाहन चालन का ज्ञान (हाँ/नहीं)।

घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त विवरणी मेरे द्वारा सही भरे गये हैं। यदि किसी भी जाँच के क्रम में यह गलत पाये जाता है तो मुझ पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

स्थान................　　　　　　　　आवेदक/आवेदिका का हस्ताक्षर
दिनांक...............